web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 19 जनवरी 2025 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 112

# एक्टर सैफ अली खान पर हमला करने वाला आरोपी दुर्ग से गिरफ्तार

## जनरल बोगी में बिना टिकट के कर रहा था यात्रा, चलती ट्रेन से आरपीएफ ने पकड़ा

**दुर्ग**

फिल्म एक्टर सैफ अली खान पर जानलेवा हमला करने के मामले में एक संदिग्ध आरोपी को अरेस्ट किया है। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में आरपीएफ की टीम ने मुंबई पुलिस से मिले इनपुट के आधार पर यह कार्रवाई की है। दुर्ग स्टेशन से आरोपी को हिरासत में लिया गया। आरपीएफ ने उसे दोपहर करीब 1.30 बजे ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस ट्रेन से उतारा। संदिग्ध का नाम आकाश कन्नौजिया है। वह मुंबई का ही रहने वाला है।

इस डेटा का विश्लेषण कर यह पता लगाया गया कि घटना के समय इलाके में कौन-कौन मौजूद था। इससे हमलावर को ट्रैक करने में मदद मिली। टेक्नोलॉजी के उपयोग से पुलिस ने मामले में तेजी से प्रगति की। आरपीएफ पुलिस ने शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल बोगी से एक युवक को हिरासत में लिया है। इसकी पहचान मुंबई से भेजे गए, फोटो के आधार पर की गई। रात 8 बजे मुंबई से टीम दुर्ग पहुंचेगी। जानकारी के मुताबिक पुलिस को संदेही के जो मोबाइल नंबर मिले हैं, वो डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव के किसी राजेंद्र कोड़ेपे के नाम पर दर्ज है।

**बिना टिकट यात्रा कर रहा था**

मामले की जानकारी देते हुए दुर्ग आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि दुर्ग पुलिस को मुंबई पुलिस से संदिग्ध की फोटो और टावर लोकेशन मिली थी। इसी के आधार पर दो टीम बनाकर कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध इंजन के आगे वाले जनरल कोच में बिना टिकट यात्रा कर रहा था। पूछताछ में उसने बताया कि वह मुंबई से आ रहा है और बिलासपुर जाएगा। चांपा के पास उसके नानी का घर है वह वहीं जा रहा है।

**मुंबई का रहने वाला है**

संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि संदिग्ध आरोपी मुंबई के कोलाबा का निवासी है। वह मूल रूप से वहीं का रहने वाला है। उसे अपना नाम आकाश कनौजिया बताया है। सैफ अली खान का हमलावर है या नहीं यह मुंबई पुलिस कन्फर्म करेगी। आरोपी के पास से एक बैग मिला है। इसके साथ ही मुंबई पुलिस के द्वारा दिया गया मोबाइल नंबर भी उसके पास से बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि मुंबई की टीम रात 8 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेगी उसके बाद सीधे दुर्ग पहुंचेगी।



**फोटो भेजकर किया कन्फर्म**

उन्होंने बताया कि संदिग्ध को पकड़ने के बाद उसका फोटो मुंबई पुलिस को भेजा गया था। मुंबई पुलिस ने फोटो भेजकर संदिग्ध को कंफर्म किया है जिसके बाद उसे थाने लाया गया है। उन्होंने कहा कि हमने संदिग्ध से सैफ अली खान केस के बारे में कोई पूछताछ नहीं की है। मामले में मुंबई पुलिस पूछताछ करेगी और उसके बाद कन्फर्म करेगी की संदिग्ध आरोपी है या फिर नहीं है।

**सैफ अली खान पर हुआ था जानलेवा हमला**

बता दें कि फिल्म अभिनेता सैफ अली खान के हाई सिक्योरिटी घर में घुसकर एक बदमाश ने उनपर चाकू से हमला किया था। इसके बाद सैफ अली खान को इलाज के लिए लीलावती अस्पताल में भर्ती किया गया था। फिलहाल मुंबई पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## करीना कपूर ने दर्ज कराया पुलिस को बयान, बताई हमले वाली रात की कहानी

**मुंबई (आरएनएस)।** अभिनेता सैफ अली खान अटैक मामले की जांच कर रही पुलिस ने अभिनेत्री करीना कपूर का बयान दर्ज किया है। अभिनेत्री ने पुलिस को बताया है कि वो हमले के वक्त घबरा गई थीं। अभिनेत्री ने बताया कि सैफ के बीच में आने की वजह से हमलावर जहांगीर तक नहीं पहुंच पाया था। करीना ने बयान में ये भी कहा है कि हमलावर ने घर से कोई भी चीज नहीं चुराई थी, लेकिन उसका व्यवहार बहुत ही आक्रामक रहा। इस दौरान आरोपी ने कई बार सैफ पर हमला किया, जिससे मैं घबरा गई थी। इस दौरान उन्होंने अपने छोटे बेटे को घरेलू सहायिका के साथ 12वीं मंजिल पर भेज दिया था। पुलिस इस मामले में 40 से 50 लोगों से पूछताछ कर चुकी है। पुलिस ने घटना वाले दिन अभिनेता के घर पर काम करने वाली घरेलू सहायिका को हिरासत में ले पूछताछ की थी, जिसने पुलिस को बताया कि हमलावर अचानक से घर में घुसा था और उसे उंगली दिखाते हुए कहा था कि तुम शोर मत मचाओ लेकिन वो चीख पड़ी, जिसके बाद सैफ मौके पर पहुंच गए फिर हमलावर ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। अभिनेता पर चोर ने छह बार चाकू से हमला किया था। इनमें से दो वार काफी गंभीर थे, जिसमें से एक उनकी रीढ़ की हड्डी के पास लगा था। जिसे देखते हुए डॉक्टर को उनकी सर्जरी करनी पड़ी। अब उनकी हालत स्थिर है। लीलावती अस्पताल के चिकित्सकों के मुताबिक, अभिनेता की हालत में सुधार है। उन्हें जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि 21 जनवरी को उन्हें डिस्चार्ज किया जा सकता है। पुलिस जांच में जुटी है। इस मामले में अब तक कई सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए हैं। एक वीडियो में हमलावर जहां बांद्रा रेलवे स्टेशन के पास घूमता हुआ नजर आ रहा है, तो दूसरी वीडियो में वो एक मोबाइल की दुकान में हेडफोन खरीदता भी दिखा है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### आरजी कर रेप-हत्या मामले में कोर्ट का बड़ा फैसला, मुख्य आरोपी संजय रॉय दोषी करार



**कोलकाता (आरएनएस)।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में पिछले साल हुई 31 वर्षीय ट्रेनी डॉक्टर की बलात्कार और हत्या के मामले में सियालदह की सत्र अदालत ने मुख्य आरोपी संजय रॉय को दोषी ठहराया है। इस फैसले के साथ ही उस भयावह घटना का एक महत्वपूर्ण चरण पूरा हुआ जिसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था और कोलकाता में डॉक्टरों और चिकित्साकर्मियों के व्यापक विरोध प्रदर्शनों को जन्म दिया था। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने मुकदमा शुरू होने के मात्र 57 दिनों के भीतर यह फैसला सुनाया। पिछले साल 9 अगस्त को, महिला ट्रेनी डॉक्टर का शव आरजी कर अस्पताल के सेमिनार हॉल में अर्धनग्न अवस्था में पाया गया था। इस घटना के बाद पूरे देश में आक्रोश फैल गया था। कोलकाता पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज और घटनास्थल से मिले सबूतों के आधार पर सिविक वालंटियर संजय रॉय को गिरफ्तार किया। उस पर ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या का आरोप लगाया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए, कोलकाता उच्च न्यायालय के आदेश पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने इस मामले की जांच अपने हाथों में ले ली थी। सीबीआई ने भी अपनी चार्जशीट में संजय रॉय को ही मुख्य आरोपी माना और अदालत से उसके लिए मृत्युदंड की मांग की है। इस फैसले के बाद अब सजा की घोषणा का इंतजार है। यह मामला न केवल एक जघन्य अपराध था, बल्कि इसने चिकित्सा समुदाय की सुरक्षा और अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे।

### चुनाव प्रचार के दौरान अरविंद केजरीवाल पर हमला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल पर हमला होने की खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार नई दिल्ली में विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान उनकी गाड़ी पर पत्थर फेंके गए है। केजरावील की गाड़ी पर पत्थर फेंके जाने के बाद एकदम हडक़ंप मच गया। जिसकों लेकर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, बीजेपी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने अपनी गाड़ी से 2 युवाओं को टक्कर मारी है। 'आप' की ओर से बयान जारी कर कहा गया है कि अरविंद केजरीवाल पर परवेश वर्मा के गुंडों ने हमला किया है। नई दिल्ली विधानसभा में प्रचार करते वक्त यह हमला किया गया है। स्थानीय लोगों से परवेश वर्मा के गुंडों की झड़प हुई है। स्थानीय लोगों ने बीजेपी के गुंडों को भगा दिया है। वहीं, परवेश की ओर से बयान जारी कर कहा गया है कि सवाल पूछती जनता पर अरविंद केजरीवाल ने अपनी गाड़ी से 2 युवाओं को मारी टक्कर, दोनों को लेडी हार्डिंग हॉस्पिटल ले कर गए हैं। हार सामने देखकर लोगों की जान की क़ीमत ही भूल गए। मैं हॉस्पिटल जा रहा हूं।



## मिर्जापुर में 30 करोड़ की चोरी हुई मूर्तियां बरामद, चार गिरफ्तार

**मिर्जापुर** | आरएनएस

उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले की पडऱी थाना क्षेत्र के श्री राम जानकी मंदिर से चोरी हुई अष्टधातु की तीन मूर्तियों को पुलिस एसओजी टीम ने बरामद कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने आश्रम के बंसी बाबा समेत चार लोगों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बरामद की गई मूर्तियों की कीमत लगभग 30 करोड़ रुपए है।

एसपी ऑपरेशन ओपी सिंह ने पत्रकार वार्ता में बताया कि पडऱी थाना स्थित कठिनई के एक आश्रम में राम लक्ष्मण जानकी का मंदिर है। जहां पर राम लक्ष्मण जानकी की मूर्तियां मकर संक्रांति के दिन चोरी हो गई थी। इस संबंध में आश्रम के कर्ता-धर्ता बंसी बाबा ने एफआईआर दर्ज कराई थी।

उन्होंने बताया कि विवेचना के दौरान पता चला कि चोरी की वारदात बंसी बाबा ने अंजाम दी है। पुलिस ने चोरी की गई तीनों मूर्तियां बरामद कर ली है। इस घटना में बंसी बाबा सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, बाबा ने बताया कि गद्दी का उत्तराधिकारी नहीं बनाया जाना है। वह मूर्तियों को बेचकर अपना एक अलग मठ स्थापित करना चाहता था। तीनों मूर्तियों की कीमत 30 करोड़ रुपए बताई गई है। उन्होंने कहा कि 1987 में इस मंदिर में चोरी का प्रयास हुआ था। उस समय के सेवादार की हत्या भी हुई थी। जिनमें कुछ लोग जेल गए थे। इसके बाद इन मूर्तियों को काशी में लाकर रखा गया था। लेकिन, 2007 में बाबा ओंकार नाथ ने मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की थी। इसके बाद मूर्तियां फिर से स्थापित की गई थी।


एसपी ने बताया कि मुकेश सोनी नामक व्यक्ति इस प्रकार की मूर्तियों को खरीदने और बेचने का काम करता था। उसे बाबा ने बुलाया था और मूर्तियों की टेस्टिंग करवाई थी। पता चला था कि मूर्तियां काफी कीमती हैं। सूचना मिली थी कि मुकेश को पहाड़ी क्षेत्र में बुलाया गया था। इसी बीच पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी को गिरफ्तार कर लिया।

## मुंबई : छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 2.55 करोड़ का सोना और हीरे जब्त, तीन गिरफ्तार

**मुंबई** | आरएनएस

मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय (सीएसएमआई) हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने 17-18 जनवरी की मध्य रात्रि में अलग-अलग मामलों में कुल 2.55 करोड़ रुपये की कीमत का सोना और हीरे जब्त किए हैं।

पहले मामले में, विशेष जानकारी के आधार पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने बैंकॉक से आ रहे दो यात्रियों को रोका। जांच के दौरान अधिकारियों ने संदिग्धों के शरीर के अंदरूनी हिस्सों में छिपाया गया 24 कैरेट कच्चे सोने का पाउडर (गोल्ड डस्ट/स्वर्ण कण) बरामद किया।



अधिकारियों द्वारा जब्त किए गए सोने का कुल शुद्ध वजन 2.465 किलोग्राम था। इसकी अनुमानित कीमत 1.80 करोड़ रुपये बताई जा रही है। दोनों यात्रियों को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया।

एक अलग घटना में, सीमा शुल्क अधिकारियों ने एक अन्य विशेष सूचना पर कार्रवाई करते हुए दुबई जाने वाली फ्लाइट में सवार होने की तैयारी कर रहे एक यात्री को रोका। गहन जांच करने पर, अधिकारियों को यात्री के शरीर के अंदर छिपाकर रखे गए कटे और पॉलिश किए हुए हीरे मिले।

जब्त की गए हीरों में 21.70 कैरेट के लैब निर्मित हीरे थे, जिनकी कीमत 5.20 लाख रुपये थी। 226.95 कैरेट के प्राकृतिक हीरे थे, जिनकी कीमत 69.69 लाख रुपये थी। कुल मिलाकर, जब्त किए गए हीरों की कीमत 74.90 लाख रुपये थी।

इन मामलों में जब्त किए गए सोने और हीरे की कुल कीमत 2.55 करोड़ रुपये है। अब तक इन घटनाओं के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन मामलों में शामिल किसी बड़े नेटवर्क या सहयोगियों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

## पीएम मोदी ने बांटे 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड, 12 राज्यों के 50,000 से ज्यादा गांव वर्चुअली जुड़े

**नई दिल्ली** | आरएनएस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड बांटे। इसमें 12 राज्यों के 50,000 से ज्यादा गांव शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 5 साल में लगभग डेढ़ करोड़ लोगों को ये स्वामित्व कार्ड दिए गए हैं।

पीएम मोदी वर्चुअल मोड में इस इवेंट में शामिल हुए। जिन 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में यह कार्ड बांटे गए, उनमें से 230 जिलों के 50 हजार से ज्यादा गांव शामिल हैं।

लाभार्थियों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आज का दिन देश के गांवों के लिए, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ही ऐतिहासिक है। 5 साल पहले स्वामित्व योजना शुरू की गई थी ताकि गांवों में रहने वालों का उनका कानूनी प्रमाण दिया जा सके। बीते 5 साल में लगभग डेढ़ करोड़ लोगों को ये स्वामित्व कार्ड दिए गए हैं। आज इस कार्यक्रम में 65 लाख से ज्यादा परिवारों को ये स्वामित्व कार्ड मिले हैं।




इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने क्लाइमेंट चेंज संबंधी चुनौतियों का भी जिक्र किया। बोले, 21वीं सदी की दुनिया में क्लाइमेट चेंज, पानी की कमी, स्वास्थ्य का संकट, महामारी.. ऐसी कितनी भी चुनौतियां हैं, लेकिन विश्व के सामने एक और बड़ी चुनौती रही है और ये चुनौती है- प्रॉपर्टी राइट्स की।कई साल पहले संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया के अनेक-अनेक देशों में भू-संपत्ति को लेकर एक स्टडी की थी। इस स्टडी में सामने आया कि दुनिया के अनेक देशों में लोगों के पास प्रॉपर्टी के पक्के कानूनी दस्तावेज है ही नहीं। संयुक्त राष्ट्र ने साफ कहा कि अगर गरीबी कम करनी है तो इसके लिए प्रॉपर्टी राइट्स होना बहुत जरूरी है।

बता दें, स्वामित्व योजना अप्रैल 2020 में शुरू हुई थी। जिसका पूरा नाम सर्वे ऑफ विलेजेस एंड मैपिंग विद इम्प्रोवाइज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेजेस एरिया है। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को संपत्तियों का मालिकाना हक दिलवाना है। अब तक 31 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश इस योजना में शामिल हो चुके हैं।

## रिम्स अस्पताल में लड़की से दरिंदगी, सैप जवान ने किया रेप; मचा हड़कंप

**रांची** | आरएनएस

झारखंड की राजधानी रांची स्थित राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (रिम्स) अस्पताल में एक शर्मनाक घटना सामने आई है। एक सैप जवान ने अस्पताल में अपने प्रेमी का इलाज कराने आई एक युवती के साथ दुष्कर्म किया। इस घटना से अस्पताल में हडक़ंप मच गया है और मरीजों व तीमारदारों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं।

पीड़िता, जो चतरा जिले की रहने वाली है, अपने प्रेमी का इलाज कराने रिम्स आई थी। गुरुवार देर रात जगह न मिलने के कारण वे दोनों अस्पताल में ही सो गए थे। तभी सैप जवान संतोष कुमार बारला वहां पहुंचा और उन्हें धमकाते हुए पूछताछ के बहाने युवती को अस्पताल की चौथी मंजिल पर एक सुनसान जगह पर ले गया। आरोप है कि वहां जवान ने युवती के साथ दुष्कर्म किया और घटना का जिक्र करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।



डरी-सहमी युवती ने बाद में अपने प्रेमी को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद बरियातू थाना में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सैप जवान संतोष कुमार बारला को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की उम्र लगभग 20 साल बताई जा रही है।

इस घटना के बाद रिम्स अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। राज्य के सबसे बड़े अस्पताल में इस तरह की घटना से लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जब रक्षक ही भक्षक बन जाएं, तो मरीजों और उनके परिजनों की सुरक्षा कौन करेगा?

यह पहली बार नहीं है जब रिम्स अस्पताल में इस तरह की घटना हुई है। सितंबर 2024 में भी एक महिला जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर के साथ लिफ्ट में छेडख़ानी का मामला सामने आया था। उस घटना में भी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

रिम्स अस्पताल झारखंड का सबसे बड़ा अस्पताल है, जहां राज्य के सभी जिलों के अलावा पड़ोसी राज्यों बिहार, छत्तीसगढ़ और बंगाल से भी बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए आते हैं। इस तरह की घटनाओं से अस्पताल की प्रतिष्ठा पर गहरा आघात लगा है।

## हिमाचल के राज्यपाल बोले 144 साल बाद आया ऐसा महाकुंभ, सभी से की जाने की अपील

**शिमला** | आरएनएस

हिमाचल के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला शनिवार को रामनगरी अयोध्या पहुंचे। सबसे पहले हनुमानगढ़ी में माथा टेका और फिर राम लला का दर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 144 साल बाद इस महाकुंभ का अवसर आया है, सभी को जाना चाहिए।

इस मौके पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि व्यक्ति जब पूजन दर्शन के लिए आता है तो बड़े शुद्ध मन से आता है। मैं भी शुद्ध मन से आया हूं कि राष्ट्र हमेशा बढ़ता रहे, यह हनुमान जी से प्रार्थना है। हनुमान जी से अधिक राष्ट्र को बढ़ाने में कोई उपयुक्त नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि मैं भी महाकुंभ में जाऊंगा क्योंकि 144 वर्षों बाद आया है। स्वाभाविक है कि इस बार के बाद संभव नहीं होगा कि यह अवसर मिल सके। सबको कुंभ में जाना चाहिए।



उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका पूजन करके शुरुआत की थी। मुख्यमंत्री योगी बार-बार जाकर वहां की व्यवस्था को दुरुस्त कर रहे हैं। सबको वहां जाना चाहिए। कुंभ जाने के बाद अयोध्या में लोग काफी संख्या में आ रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा कि जब राम विराजमान हो गए तो सभी आएंगे। राम के विराजमान होते ही अयोध्या की भव्यता अपने आप बढ़ गई है। लोग राम की प्रतीक्षा कर रहे थे। अब जब वह स्वयं आ गए हैं तो लोग आएंगे ही।

ज्ञात हो कि विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम में भाग लेने के लिए त्रिवेणी संगम पर श्रद्धालुओं का आना जारी है। कई आस्थावान महाकुंभ की शुरुआत से ही महाकुंभ नगर में बने हुए हैं। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए काफी व्यवस्था की गई है।

## कोणार्क सूर्य मंदिर पहुंचे सिंगापुर के राष्ट्रपति, यूपीआई से पेंमेंट कर पत्नी के लिए खरीदी साड़ी

**भुवनेश्वर** | आरएनएस

सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शानमुगरत्नम और उनकी पत्नी ने शनिवार को ओडिशा में रघुराजपुर गांव और पुरी जिले के प्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर का दौरा किया।

रघुराजपुर गांव में राष्ट्रपति और उनकी पत्नी का पारंपरिक गोटीपुआ नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भव्य स्वागत किया गया। यह गांव अपनी समृद्ध कलात्मक परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें पट्टचित्र कला, ताड़ के पत्ते पर नक्काशी, पत्थर की मूर्तिकला और गोटीपुआ नृत्य शामिल हैं।



दंपति ने गांव में एक घंटे से ज्यादा समय बिताया और वहां के कलाकारों से बातचीत की। राष्ट्रपति ने रामायण और भगवान गणेश से संबंधित दो पट्टचित्र पेंटिंग खरीदी।

रघुराजपुर के कलाकार प्रशांत कुमार सुबुद्धि ने कहा कि राष्ट्रपति को उन्होंने पेंटिंग बनाने की प्रक्रिया के बारे में भी जाना और उनकी पत्नी को एक हस्तनिर्मित पेंटिंग भेंट की, जिसमें राष्ट्रपति और सिंगापुर की प्रथम महिला को पुरी के जगन्नाथ मंदिर की पृष्ठभूमि में दर्शाया गया है।

इसके बाद, राष्ट्रपति और उनकी पत्नी ने पुरी के कोणार्क सूर्य मंदिर का दौरा किया, जो 13वीं शताब्दी का एक प्रमुख ऐतिहासिक स्थल है। वहां भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस यात्रा के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

इससे पहले शुक्रवार को राष्ट्रपति ने भुवनेश्वर के हस्तशिल्प संग्रहालय कला भूमि में चार घंटे बिताए, जहां उन्होंने ओडिशा की कला, शिल्प और हथकरघा कौशल की सराहना की। इस दौरान ओडिशा के मुख्यमंत्री और अन्य प्रमुख नेताओं के साथ वह विभिन्न गैलरी में गए और ओडिशा की सांस्कृतिक धरोहर को देखा।

यात्रा के एक दिलचस्प पहलू में राष्ट्रपति ने पत्नी के लिए एक साड़ी खरीदी और उसका भुगतान यूपीआई से किया। यूपीआई भारत के डिजिटल भुगतान प्रणालियों की वैश्विक भूमिका को दर्शाता है।

राष्ट्रपति शानमुगरत्नम और उनकी पत्नी ने ओडिशा के पारंपरिक रात्रिभोज का आनंद लिया, जिसमें ओडिसी नृत्य और ओडिशा तथा सिंगापुर की नृत्य शैलियों का मिश्रण पेश किया गया।

राष्ट्रपति ने ओडिसी संगीत और नृत्य की सराहना की और इसे एक अनूठी कला बताया। उन्होंने ओडिशा के व्यंजनों की भी प्रशंसा की, जिसे उन्होंने बेहद स्वादिष्ट बताया। इस सांस्कृतिक आदान-प्रदान ने ओडिशा और सिंगापुर के बीच मजबूत संबंधों को और अधिक मजबूत किया।